पेज 44

प्रश्न 1:

निम्न के सूत्र लिखिए:

(i) सोडियम ऑक्साइड

(ii) ऐलुमिनियम क्लोराइड

(iii) सोडियम सल्फाइड

(iv) मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड

उत्तर 1:

(i) सोडियम ऑक्साइड $-Na_2O$

(ii) ऐलुमिनियम क्लोराइड $-AlCl_3$

(iii) सोडियम सल्फाइड $-Na_2S$

(iv) मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड $-Mg(OH)_2$

प्रश्न 2:

निम्नलिखित सूत्रों द्वारा प्रदर्शित यौगिकों के नाम लिखिए:

(i) $Al_2(SO_4)_3$

(ii) $CaCl_2$

(iii) K_2SO_4

(iv) KNO_3

(v) $CaCO_3$

उत्तर 2:

यौगिकों के नाम:

(i) $Al_2(SO_4)_3$ – ऐलुमिनियम सल्फेट

(ii) $CaCl_2$ – कैल्सियम क्लोराइड

(iii) K_2SO_4 – पोटेशियम सल्फेट

(iv) KNO_3 – पोटेशियम नाइट्रेट

(v) $CaCO_3$ – कैल्सियम कॉर्बोनेट

प्रश्न 3:

रासायनिक सूत्र का क्या तात्पर्य है?

उत्तर 3:

किसी यौगिक का रासायनिक सूत्र उसके संघटक का प्रतीकात्मक निरूपण होता है। रासायनिक सूत्र किसी यौगिक के अणु में उपस्थित तत्वों को प्रतीकों के माध्यम से प्रकट करता है।

जैसे $CaCO_3$ (कैल्सियम कॉर्बोनेट) में कैल्सियम का एक, कार्बन का एक तथा ऑक्सीजन के तीन परमाणु उपस्थित हैं।

प्रश्न 4:

निम्न में कितने परमाणु विद्यमान हैं?

(i) H_2S अणु एवं

(ii) PO_4^{3-} आयन?

उत्तर 4:

(i) H_2S अणु में 3 परमाणु (दो हाइड्रोजन तथा एक सल्फर) विद्यमान हैं।

(ii) PO_4^{3-} आयन में 5 परमाणु (एक फास्फोरस तथा चार ऑक्सीजन) विद्यमान हैं।